# जल्दी शुरू होगा सिंगल ट्रेड लाइसेंस पोर्टल!

## मंत्री पीयूष गोयल का सुझाव—'एक राष्ट्र, एक लाइसेंस' की दिशा में बड़ा कदम

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को सुझाव दिया कि ट्रेड लाइसेंस के लिए सिंगल पोर्टल की शुरुआत दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से की जा सकती है.**

श्री गोयल ने यहां अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने कारोबार को आसान बनाने और कामगारों की भलाई के लिए कई कदम उठाये हैं. जन विश्वास विधेयक के जरिये कारोबार को आसान बनाने में काफी सुधार हुआ है, जो प्रक्रिया को आसान बनाता है और अनुपालन का बोझ कम करता है.

एक राष्ट्र, एक लाइसेंस के विचार पर उन्होंने सुझाव दिया कि एक प्रायोगिक पहल के तौर पर दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्य नगर निकाय और राज्य सरकार के ट्रेड लाइसेंस को एकीकृत करते हुए एक सिंगल ऑनलाइन पोर्टल बनाने पर विचार कर सकते हैं.

केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में लागू किये गये चार श्रम कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले और कौशल आधारित छोटे-मोटे काम करने वाले (गिग वर्कर्स) लोगों को काफी फायदे होंगे. इन कामगारों को पहले कई फॉर्म, निरीक्षण और मुश्किल नियमों से गुजरना पड़ता था. नया ढांचा प्रक्रिया को आसान बनाता है और सही सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर काम करने के हालात सुनिश्चित करता है.

> उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि आपूर्तिकर्ता को उत्पाद की पैकेजिंग पर विनिर्माण की जगह साफ-साफ लिखनी चाहिये. श्री गोयल ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया और कहा कि उनके बताये आदर्शों पर चलने से देश को गर्व और सम्मान मिलेगा और देश का भविष्य उज्ज्वल होगा. जिस सोच से गुरु तेग बहादुर ने देश को एकजुट किया, उसे याद रखना देश की तरक्की को दिशा दिखाता रहेगा.

## ऐतिहासिक गिरावट से उबरा रुपया, 50 पैसे मजबूत

**मुंबई, 25 नवंबर.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 50.50 पैसे की मजबूती के साथ 89.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 21 नवंबर को 98 पैसे लुढ़ककर 89.6650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. यह पहला अवसर था जब एक डॉलर 89 रुपये से अधिक का बोला गया था. रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही. यह 20.50 पैसे की बढ़त में 89.46 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. इसमें दिन के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखा गया. यह नीचे 89.50 रुपये प्रति डॉलर और ऊपर 89.05 रुपये प्रति डॉलर तक गया. दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक आज 0.10 प्रतिशत कमजोर हुआ.

# एमएसएमई को डिजिटल ताकत देगा नया इंडऐप

**नयी दिल्ली 25 नवंबर (वार्ता) राष्ट्रीय उद्योग अनुसंधान और विकास परिषद को सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की भागीदारी और लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए बुधवार को इंडऐप लॉन्च करेगी.**

इसकी घोषणा सोमवार को यहां एनआईआरडीसी के अधिकारियों ने की. इस ऐप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ब्रांड प्रतिस्पर्धी बनाने, भारतीय कारीगरों और शिल्पकारों को वैश्विक पहचान दिलाने और एमएसएमई को विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान करने में सक्षम बनाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है.

इस मौके पर एनआईआरडीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शंभू सिंह ने कहा, भौतिक पहुँच को डिजिटल समर्थन के साथ एकीकृत करके, इंडऐप पारदर्शिता, दक्षता और समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देता है. यह हाइब्रिड जुड़ाव मॉडल सुनिश्चित करता है कि छोटे से छोटे उद्यम भी विकास और नवाचार के लिए व्यक्तिगत और आभासी दोनों रास्तों का लाभ उठाते हुए राष्ट्रीय और वैश्विक अवसरों तक पहुँच सकें. वहीं, एनआईआरडीसी के उपाध्यक्ष ललित वर्मा ने कहा, इंडऐप बहु-क्षेत्रीय, बहु-उपयोगिता मॉडल है. मौजूदा समय में देश को इस मॉडल की सबसे अधिक आवश्यकता है. नौकरशाही प्रक्रियाओं के माध्यम से पहुँच को केंद्रीकृत करने और नेविगेशन को सरल बनाने में यह ऐप कारगर है और सरकारी पहलों से लाभ उठाने के लिए आवश्यक समय और प्रयास को काफी कम कर देता है. इस ऐप का 26 नवंबर को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री लॉन्च करेंगे. इस ऐप के माध्यम से अन्य मंत्रालय योजनाओं और अनुमतियों का लाभ उठाया जा सकता है.

# नये अवतार में लांच की गयी टाटा सिएरा

**मुंबई, 25 नवंबर. टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने टाटा सिएरा को नये अवतार में भारतीय बाजार में एक बार फिर पेश किया है. कंपनी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नये जमाने के लिए नये सिरे से बनायी गयी सिएरा ने अपनी पुरानी शानदार विरासत और खास पहचान को बरकरार रखा है और आधुनिकता को भी अपनाया है.**

सिएरा पहली बार 1991 में लॉन्च की गयी थी. नये अवतार में टाटा सिएरा की कीमत 11.49 लाख रुपये से शुरू होती है. इसमें 1.5 लीटर का टीजीडीआई हाइप्रियन पेट्रोल इंजन है. इसे चार वेरिएंट स्मार्ट, प्योर, एडवेंचर और एकंप्लिश्ड में लॉन्च किया गया है. टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने लॉन्चिंग के मौके पर कहा, नयी सिएरा के साथ हम भारतीय मोबिलिटी के लिए एक नया मापदंड स्थापित कर रहे हैं. टाटा सिएरा यह साबित करती है कि ग्राहक अब साधारण से कहीं अधिक की अपेक्षा रखते हैं - उन्हें ऐसा नवाचार चाहिये जो प्रेरित करे, ऐसा डिजाइन चाहिये जो दिल से जुड़ जाये.

## अकासा एयर फरवरी से डिब्रूगढ़ के लिए शुरू करेगी उड़ान

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर.** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए अगले साल फरवरी से असम के डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है. एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 01 फरवरी 2026 से पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से डिब्रूगढ़ के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी जबकि बेंगलुरु से बागडोगरा के रास्ते डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान उपलब्ध होगी. यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होगी. उड़ान संख्या क्यूपी 1850 सुबह 5:25 बजे बेंगलुरु से रवाना होगी और 8:20 पर बागडोगरा पहुंचेगी. वहां से 8:55 पर वह डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान भरेगी.

# होटल-किसान साझेदारी विकास की कुंजी

**एफपीओ और होटल उद्योग के लिए साझा लाभ मॉडल**

**पर्यटन-आधारित मूल्य श्रृंखला को मजबूती मिलेगी**

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने आतिथ्य उद्योग से आग्रह किया कि वे किसान उत्पादक संगठनों के साथ व्यवस्थित और दीर्घकालिक साझेदारी करें क्योंकि उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों की स्थायी और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ये अनिवार्य हैं.**

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशंस ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एफपीओ-हॉस्पिटैलिटी एंड फार्मर्स बेनिफिट समिट 2025 में श्री चतुर्वेदी ने कहा कि एफपीओ और होटल उद्योग के बीच सीधे संबंध सभी के लिए लाभदायक होंगे. किसानों की आय बढ़ेगी और होटलों को रसायन-मुक्त, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की सुनिश्चित आपूर्ति मिल सकेगी.

> पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक सुमन बिल्ला ने कहा कि भारत को एक तेज, संगठित और संरचित किसान-होटल साझेदारी ढांचे की जरूरत है. इससे सरकार का विजन तेजी से पूरा होगा, ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और पर्यटन-आधारित मूल्य श्रृंखला को मजबूती मिलेगी. एफएचआरएआई के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि होटल उद्योग एफपीओ से सीधे कृषि उत्पाद खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति नियमित और गुणवत्ता-आधारित हो. होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम.पी. बेजबरुआ ने होटल उद्योग को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने की पुरानी मांग दोहराई, जिससे इस क्षेत्र के लिए नये विकास अवसर खुलेंगे.

# शेयर बाजारों में आई गिरावट

**313** अंक से नीचे आया सेंसेक्स

**74.70** अंक से लुढ़का निफ्टी

**मुंबई, 25 नवंबर (वार्ता) विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.70 अंक टूटकर 84,587.01 अंक पर आ गया.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884.80 अंक पर बंद हुआ. आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा. रियलिटी, बैंकिंग, फार्मा, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली देखी गयी. दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.56 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ.

एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,596 के शेयरों में तेजी और 1,540 में गिरावट रही जबकि 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे. सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में और अन्य छह के हरे निशान में बंद हुए.

# पैरागॉन गीजर की व्यापार मेले में पकड़ बनाई

**नई दिल्ली, 25 नवंबर. अन्तरर्राट्रीय व्यापार मेला (प्रगति मैदान) के हाल नं. 11 स्टॉल नं. 1 आई पर पैरागॉन प्रोडक्ट्स का स्टाल आम गृहणियों व दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है.**

कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि किरण सूद व तुषार सूद ने बताया कि इनकी कम्पनी के तकनीत विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत एवं अनुसंधान का परिणाम नई खुबियों वाला पैरागॉन बहुउद्देशीय पानी गर्म करने का गीजर जो एक साथ तीन प्रकार के कार्य करता है. सुबह नहाने के समय एक के बाद बाल्टी गर्म पानी उपलब्ध कराता है. इससे 2 लीटर से ज्यादा उबला हुआ पानी साड़े तीन घंटे तक ठण्डा नहीं होता जबकि सामान्य स्टोरेज गीज में 20-30 मिनट में ही पानी ठण्डा होना शुरू हो जाता है.

मजबूत प्लास्टिक बॉडी का होने के कारण यह पूर्णत: जंग रहित है एवं इसमें बिजली का करंट अलग स्वाद में उपलब्ध कम मीठा शुद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के बारे में कोई कम्प्रोमाइज नहीं करती. प्रदीप जगा के अनुसार इनकी कम्पनी के विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत एवं अनुसंधान का परिणाम नई खुबियों से गजक में चालीस वैरायटियां बनाई है.

# बंशी मुरेना वाला स्टाल दर्शकों का पसंदीदा

**नई दिल्ली, 25 नवंबर. अन्तरर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के प्रथम मंजिल के हाल नं. 5 में हरियाणा पवैलियन के स्टॉल नं. 13 पर बंशी मुरेना वाला का स्टाल पर आप गृहणियों के आकर्षण व जिज्ञासा का केन्द्र बना हुआ है. कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीन जगा ने बताया कि व्यापार मेले में हमारा लक्ष्य पैसा कमाना नहीं अर्थात अपने पूरे उत्पाद की रेंज की जानकारी जनता को बताना है.**

हमारी कम्पनी की गजक में चालीस वैरायटियां जो अलग-


**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No.: 8568/GM/MPBDC/CW&DIS/25/NIT-69 Bhopal, Dated : 25.11.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works:-
With reference to NIT No.: 6184/GM/MPBDC/CW&DIS/25/NIT-69 Bhopal, Dated: 28.08.2025 Tender listed at **Serial No. 14- Construction of Integrated Aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area Bhopal, M.P. (2nd Call) PAC: Rs. 3165.38 Lacs** shall be published on 26.11.2025 12:00 hrs., and the last date for bid submission shall be 16.12.2025 15:30 hrs.
Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online from 26.11.2025 at 12:00 hrs. to 16.12.2025 at 15:30 hrs. from website **www.mptenders.gov.in** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
M.P. Madhyam/123185/2025 **MANAGING DIRECTOR**


# डाटा सेंटर ऑपरेशन में दो साल रहेगी तेजी

**नयी दिल्ली, 25 नवंबर. बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मार्च 2028 तक डाटा सेंटर ऑपरेशन में सालाना 20-22 प्रतिशत राजस्व बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है**

क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि देश में डाटा सेंटरों की कुल क्षमता मार्च 2028 तक दोगुनी होकर 2.3-2.5 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है. साथ ही, डाटा सेंटर ऑपरेटरों का राजस्व बढ़कर वित्त वर्ष 2027-28 में 20 हजार करोड़ रुपये सालाना तक पहुंच जायेगी. डाटा सेंटरों में वृद्धि के तीन प्रमुख कारण होंगे. पहला, तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन और आधुनिकी करण के साथ कंपनियां सार्वजनिक क्लाउडों को अपना रही हैं. दूसरा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकियों में निवेश से उच्च-घनत्व वाली कंप्यूटिंग अवसंरचनाओं की मांग बढ़ेगी. तीसरा, 5जी प्रौद्योगिकी के विस्तार के साथ वीडियो स्ट्रीमिंग गेमिंग जैसे तेज डाटा वाले ऐप की मांग बढ़ेगी.

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि अगले दो वित्त वर्ष में (मार्च 2026 से मार्च 2028 तक) 1.1 से 1.13 गीगावाट तक डाटा सेंटर क्षमता

## क्या साथ आएंगे भाजपा-एसएडी?

**चंडीगढ़.** पंजाब की तरन तारन सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य की तमाम प्रमुख राजनीतिक पार्टियां 2027 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के गुना-भाग में लग गई हैं. यह चुनाव फरवरी 2027 में होने की उम्मीद है. दोस्ती टूटने के बाद भाजपा और शिरोमणि अकाली दल को राज्य के चुनावों में लगातार हार मिलती आई है. वहीं, तरन तारन उपचुनाव के नतीजे कांग्रेस के लिए चेतावनी हैं. यूं तो आम आदमी पार्टी ने यह सीट जीती है, लेकिन भगवंत मान सरकार की राह भी आसान नहीं रहने वाली. कई वजहों से आज पंजाब की राजनीति एक दिलचस्प मोड़ पर नजर आ रही है. पंजाब में 2007 से 2017 तक गठबंधन सरकार चलाने वाले एसएडी और भाजपा के रास्ते 2020 में अलग हो गए थे.


**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**THE MADHYA PRADESH STATE MINING CORPORATION LIMITED**
Paryawas Bhawan, Block 1-'A', Floor II, Jail Road
Arera Hills, Bhopal, Madhya Pradesh-462011
Phone: 0755-2763391, 2763392, 2763393 & Fax : 0755-2763394
E- mail : info.mpsmc@mp.gov.in
REF No. : SMCL/1/0065/2025-SAND-MPSMCL/543 Bhopal, Dated : 25.11.2025

**NOTICE FOR REQUEST FOR PROPOSAL**

**"Request for Proposal, Selection of Agencies for DGPS Survey of Sand Mines"**

Madhya Pradesh State Mining Corporation Limited (MPSMCL) invites qualified survey agencies to participate in the Request for Proposal (RFP) for Selection of Agencies to conduct DGPS Survey of Sand Mines of MPSMCL in Madhya Pradesh.

**KEY DETAILS :**

- **Eligibility Criteria** : Please refer to the RFP Documents for detailed eligibility conditions.
- **Access to RFP Document** : Obtain the comprehensive RFP Document from the MP Tender portal accessible at **https://mptenders.gov.in or https://mpsmcl.mp.gov.in**
- **Timeline** : The last date for submission of proposals is **16.12.2025 Till 05:00 PM.**

M.P.Madhyam/123203/2025 **MANAGING DIRECTOR**

**डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13 (2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के सहपठित है. उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) के प्रा. अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है. उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है. देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न हैं-

| देनदारों/गारंटरों का नाम | डिमांड नोटिस तिथि व राशि | सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|
| श्री विनय गुप्ता श्रीमती बिंदु गुप्ता (प्रॉस्पेक्ट संख्या 747144) | 20/11/2025 रुपये 2422671.82/- (रुपये चौबीस लाख बाइस हजार छह सौ इकहत्तर और पैसा बयासी मात्र) | **संपत्ति 1:-** संपत्ति का वह पुरा टुकड़ा जो फ्लैट संख्या 05, ताप्ती ब्लॉक-01, भूतल, प्लॉट संख्या-10, डी-सेक्टर औद्योगिक, ग्राम सतलापुर, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, भोपाल, मध्य प्रदेश, 46200 है. क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 600.00 **संपत्ति 2:-** फ्लैट संख्या-109, प्रगति कॉम्प्लेक्स, महावीर नगर फेज-1, वार्ड संख्या-01, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश, 462040 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 490.00 |

यदि उक्त देनदार आईआईएफएल एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं. विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी, ब्रांच आफिस - 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी.नगर, जोन-2 भोपाल /या कार्पोरेट ऑफिस: आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान: भोपाल प्रा. अधिकारी
दिनांक: 26.11.2025 कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001**
( जनकार्य एवं उद्यान विभाग )

क्रमांक- 1067/ जन. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2025 खण्डवा, दिनांक: 21/11/2025

-:: निविदा विज्ञप्ति ::-

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_464246_1 | पदमकुंड वार्ड पापड़ वाली गली में सी.सी. रोड़ निर्माण का कार्य। | 11.21 Lacs | 11.210/- | 2,000/- | 30 दिन |
| 2 | 2025_UAD_464247_1 | नगर वन में मिट्टी डालने के लिए पोकलेन, जेसीबी, डंफर किराए पर उपलब्ध करवाने हेतु निविदा । | 27.77 Lacs | 27.770/- | 5,000/- | 30 दिन |

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनाक : 20/12/2025 (शाम 5.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक : 22/12/2025 (प्रातः 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, खण्डवा

**'प्रपत्र संख्या INC-26 [कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]**
**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में बदलने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन**
**केंद्र सरकार के समक्ष,**
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, गुजरात, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4)
**और**
कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(a) के संबंध में, तथा वैज़ी प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय **डुप्लेक्स संख्या 78, विष्णु हाई-टेक, बावड़िया कलां, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत-462026** में है, के संबंध में, **याचिकाकर्ता**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत कर असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के संस्था ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि चाहती है. कंपनी को अपना पंजीकृत कार्यालय 'मध्य प्रदेश राज्य' से 'कर्नाटक राज्य' में बदलने के लिए सक्षम बनाने हेतु, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025 को आयोजित किया जाएगा.
कोई भी व्यक्ति, जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, **एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निदेशक शिकायत प्रपत्र** जमा कर सकता है या अपनी आपत्तियों को एक हलफनामे के साथ, जिसमें उसके हित की प्रकृति और विरोध के आधार बताए गए हों, **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, गुजरात को 'आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात'** पते पर भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय, नीचे दिए गए पते पर भेजनी होगी :-
**'डुप्लेक्स संख्या 78, विष्णु हाई-टेक, बावड़िया कलां, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462026'**
दिनांक: 26 नवंबर, 2025 आवेदक की ओर से
स्थान: बेंगलुरु वैज़ी प्राइवेट लिमिटेड
क्षितिज दीक्षित (निदेशक)
डीआईएन: 07840054

**FORM NO.**
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.
**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993**
RC/72/2022 01-11-2025
**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**POOJA SINGH**
To,
**(CD1) SMT. POOJA SINGH**
**17, POOJA SHRI NAGAR, NEAR DURGA MANDIR, CTO, BAIRAGARH, BHOPAL (MP)-462030**
**(CD2) SHRI LAXMAN SINGH S/O SHRI BHAGIRATH SINGH**
**17, POOJA SHRI NAGAR, NEAR DURGA MANDIR, CTO, BAIRAGARH, BHOPAL (MP)-462030**
Whereas you the **SMT. POOJA SINGH** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **24/08/2022** in **OA/99/2018**to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs.1709364.00 (Rupees Seventeen Lakhs Nine Thousand Three Hundred Sixty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 11.15% Simple Interest Yearly w.e.f. 22/01/2018 till realization and costs of **Rs 20000 (Rupees Twenty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.
2. You are hereby informed that the **30/12/2025** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
**Specification of property**
**Residential Flat No.-04, Second Floor, Sai Homes, Plot No.-286, Part of Khasra No.-53,54,55/1, 56,58,38,67/3/3,66/3, situated at Village-Bheropur, Ward No. 85, Near IPS School, Bhopal (M.P.); area admeasuring 600 sq.ft; belonging to Shri Laxman Singh s/o Shri Bhagirath Singh and Smt. Pooja Singh w/o Shri Laxman Singh.**
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 01/11/2025.
**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**

**पश्चिम मध्य रेल**
**No.:C/BPL/e-auction/Nov./2025, Date: 24/11/2025**
भोपाल मण्डल के पार्सल लीज के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण निम्नानुसार है:

| Catalogue Number | Type of contract | Lot No.- | Contract Period | Date and time of start of e-auction for All Lot |
|---|---|---|---|---|
| C-BPL-SLR-NOV, | Leasing | 22169-SLR-F1-RKMP-SRC-25-1(Parcel-SLR) | 3 Years | 01/12/2025 at 12:00 hrs. |
| | | 18235-SLR-R1-BPL-BSP-25-3 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 22165-SLR-R1-BPL-SGRL-25-3(Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12197-SLR-R1-BPL-GWL-25-1(Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 14814-SLR-R1-BPL-JU-25-2 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 18235-SLR-F2-BPL-BSP-25-1 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12854-SLR-R1-BPL-DURG-25-1 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 22145-SLR-F1-BPL-REWA-25-1 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 13026-SLR-R1-BPL-HWH-25-1 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12154-SLR-F1-RKMP-LTT-25-3 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12155-SLR-F1-RKMP-NZM-25-3 (Parcel- SLR) | 3 Years | |
| | | 11271-SLR-F1-ET-BPL-25-2 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 22145-SLR-F2-BPL-REWA-25-1 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12183-SLR-F1-BPL- MBDP-25-3 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12185-SLR-R1-RKMP-REWA-25-3(Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 12001-SLR-F1-RKMP-NDLS-25-3 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| | | 19712-SLR-F1-BPL-JP-25-2 (Parcel-SLR) | 3 Years | |
| C-BPL-PRKG-ASKN | Parking | PARKING-BPL-ASKN-MX-42-25-1 (Parking-Mixed) | 3 Years | 04/12/2025 at 12:00 hrs. |

प्रतिभागी ई-लीलामी के माध्यम से आधिकारिक वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाकर ई-नीलामी की मानक शर्तों और लॉट की विशेष शर्तों के विवरण के लिए जा सकते हैं।
मण्डल रेल प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर